# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर – 342001

email-jdanic-jod-rj@nic.in osc&lkbZV jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/265635-7 Fax 021-2612086


क्रमांक / बैठक / 2024 / दिनांकः–

## बैठक कार्यवाही विवरण

जोधपुर विकास प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 30 सितम्बर 2022 के प्रस्ताव संख्या 17 में लिये गये निर्णय एंव उक्त निर्णय का प्राधिकरण की बैठक दिनांक 17 अक्टूबर, 2022 के प्रस्ताव संख्या 3 द्वारा किये गये अनुमोदन की पालना में प्राधिकरण के कार्यालय आदेश क्रमांक एफ–21/स्थापना/2022/4226–4232 दिनांक 7 नवम्बर 2022 द्वारा गठित भूमि एंव सम्पत्ति निस्तारण समिति की बैठक श्री उत्साह चौधरी, आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर एंव अध्यक्ष भूमि एंव सम्पति निस्तारण समिति, की अध्यक्षता में दिनांक 07 जून 2024 को प्राधिकरण कार्यालय में दोपहर 03.00 बजे अयोजित की गई। उक्त बैठक में उपस्थित सदस्यों/अधिकारीयों का विवरण परिशिष्ट–1 पर सलंग्न है।

| | | |
|---|---|---|
| प्रस्ताव संख्या 1 | :: | ग्राम केरू तहसील जोधपुर के खसरा सख्या 812, 821 व 786 में पूर्व में रीको को आवंटित 1600 बीघा भूमि से लगती हुई 1000 बीघा भूमि रीको को आवंटन के संबंध में। |

| क्र.स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज/ टिप्पणियों के अनुसार कोई तथ्य छुपाया नही गया है। | ग्राम केरू तहसील जोधपुर के खसरा सख्या 812, 821 व 786 में पूर्व में रीको को आवंटित 1600 बीघा भूमि से लगती हुई 1000 बीघा भूमि रीको को आवंटन करने की अभिशंषा की गई है। |

उपरोक्त विषयान्तर्गत राजस्वग्राम केरू तहसील जोधपुर में पूर्व में रीको को आंवटित 1600 बीघा भूमि से लगती हुई खसरा संख्या 812, 821 व 786 में 1000 बीघा भूमि के आवंटन के संबंध में रीको से प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। प्राधिकरण द्वारा पूर्व में भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की बैठक दिनांक 28.09.2023 में उक्त भूमि को राजस्थान आवासन मण्डल को आंवटन किये जाने के संबंध में राज्य सरकार को भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया था। उक्त निर्णय के कम में प्राधिकरण द्वारा राज्य सरकार को सक्षम स्वीकृति हेतु दिनांक 04.10.2023 को पत्र प्रेषित किया गया जिसके कम में राज्य सरकार द्वारा दिनांक 19.10.2023 को बिन्दुवार सूचना उपलब्ध करवाये जाने हेतु प्राधिकरण को पत्र प्रेषित किया गया। उक्त पत्र के कम प्राधिकरण द्वारा राज्य सरकार को दिनांक 02.02.2024 को वांछित सूचनाऍ व दस्तावेज प्रेषित किए गए।

उक्त प्रकरण प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 20 फरवरी, 2024 को बैठक के समक्ष निर्णयार्थ व विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। जिसके प्रस्ताव सख्या 32 के निर्णयानुसार बैठक में बाद विचार विमर्श सर्वसम्मति से समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव में प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की बैठक दिनांक 28 सितम्बर, 2023 के प्रस्ताव संख्या 27 में राजस्थान आवासन मण्डल को ग्राम कैरू के खसरा संख्या 812, 821 व 786 रकबा 1000 बीघा भूमि आवंटन किये जाने बाबत लिये गये निर्णय को उपरोक्त तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में पुनः विचार कर प्रस्ताव के साथ प्रकरण प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति में प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक के निर्णय की पालना में राजस्थान आवासन मण्डल को ग्राम कैरू के खसरा संख्या 812, 821 व 786 रकबा 1000 बीघा भूमि आवंटन किये जाने बाबत लिये गये निर्णय को उपरोक्त तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में पुनः विचार कर उक्त स्थान पर रीको को आवंटित 1600 बीघा

RajKaj Ref
7885949

Signature valid
Digitally signed by Dr. Hareetima
Designation : Secretary
Date: 2024.06.07 1?:57:26 IST
Reason: Approved



Scanned with OKEN Scanner

भूमि से लगती हुई 1000 बीघा भूमि रीको को आवंटन हेतु प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाए जाने वास्ते प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पति निस्तारण समिति के समक्ष निर्णयार्थ एवं विचारार्थ प्रस्तुत है।

## निर्णय

उपरोक्त विषयान्तर्गत राजस्वग्राम केरू तहसील जोधपुर में पूर्व में रीको को आंवटित 1600 बीघा भूमि से लगती हुई खसरा संख्या 812, 821 व 786 में 1000 बीघा भूमि के आवंटन के संबंध में रीको से प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है।

| क्र.स | निर्णय | जिनके द्वारा पालना की जानी है। |
|---|---|---|
| 01. | बैठक में बाद विचार विमर्श सर्वसम्मति से समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव में राजस्व ग्राम कैरू में खसरा सं. 812 , 821, 786 में 1000 बीघा भूमि जो पूर्व में राजस्थान आवासन मण्डल को प्रस्तावित की गई थी। उसमें टिप्पणी अनुसार प्रश्नगत भूमि का भू-उपयोग औद्योगिक व ग्रामीण क्षेत्र मास्टर प्लान की डी.सी.आर. अनुसार औद्योगिक भू-उपयोग में Non Obnoxious Industries व ग्रामीण क्षेत्र में MSME अनुज्ञेय होने के कारण उक्त भूमि रीको को सशुल्क आवंटित किये जाने का निर्णय लिया जाकर सक्षम स्तर से स्वीकृति पश्चात् राज्य सरकार को स्वीकृति हेतु भेजा जावे। | उपायुक्त जोन -5 |

(डॉ हरीतिमा)
सचिव

क्रमांक /बैठक/2024/ दिनांक

प्रतिलिपी वास्ते सचूनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1 निजी सचिव, अध्यक्ष/ आयुक्त महोदय ,जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर
2 निजी सचिव, सचिव महोदय , जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर
3 निदेशक, अभियांत्रिकी/आयोजना/विधि, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
4 उपायुक्त-जोन 1/2/3/4/5/6, उप सचिव ,जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
5 जनसम्पर्क अधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
6 ..........................................................................................................

(डॉ हरीतिमा )
सचिव

RajKaj Ref
7885949

Signature valid
Digitally signed by Dr.Hareetima
Designation: Secretary
Date: 2024.06.07 19:57:26 IST
Reason: Approved



Scanned with OKEN Scanner

परिशिष्ट –1

श्री उत्साह चौधरी, आयुक्त, जोधपुर विकास , प्राधिकरण , जोधपुर की अध्यक्षता में दिनांक 07 जून , 2024 को दोपहर 03.00 बजे आयोजित भूमि निस्तारण समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारियों का विवरण निम्नानुसार है:–

01. श्री उत्साह चौधरी, आयुक्त , जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर ।
02. डॉ हरीतिमा, सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर।
03. श्री जयपाल सिंह राठौड , उपायुक्त जोन–3/4 जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर।
04. श्रीमति कचंन राठौड, उपायुक्त जोन –5/6, उप सचिव एंव भूमि अवाप्ति अधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर।
05. श्री राजपाल यादव , उपायुक्त जोन–1/2, जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर।
06. श्री महेन्द्र चौधरी , निदेशक आयोजना, जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर।
07. श्री जगदीश कुमार, निदेशक विधि, जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर।
08. श्री महेन्द्रसिंह पंवार ,निदेशक अभियान्त्रिकी, जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर।

RajKaj Ref
7885949

Signature valid
Digitally signed by Dr Hareetima
Designation: Secretary
Date: 2024.06.07 18:57:26 IST
Reason: Approved



Scanned with OKEN Scanner